## जगनराव घारपूरे का निधन

जगनराव घारपूरे

**संवाददाता, 21 मार्च**

**कारंजा घाडगे-** स्थानीय प्रतिष्ठित नागरिक जगनराव घारपूरे का वृद्धावस्था के चलते निधन हुआ. मृत्यु समय उनकी आयु 63 वर्ष थी. मिलनसार स्वाभाव के जगनराव के निधन से पूरे परिसर में शोक व्याप्त है.

## पत्रकार वाढोडकर को मातृशोक

सुमनबाई वाढोडकर

**संवाददाता, 21 मार्च**

**वाठोडा शुक्लेश्वर-** स्थानीय प्रतिष्ठित नागरिक तथा वृत्तपत्र में गत 50 वर्षों से जुड़े पत्रकार लक्ष्मीकांत अनंतराव वाढोडकर की माताजी श्रीमती सुमनबाई अनंतराव वाढोडकर का अल्प बिमारी के चलते निधन हुआ. मृत्यु समय उनकी आयु 86 वर्ष थी. उनके पश्चात 3 पुत्र, 1 पुत्री समेत नाती-पोते से भरापूरा परिवार है.

## बाइक दुर्घटना में युवक की मौत

दिनकर सिरसाट

**प्रतिनिधि, 21 मार्च**

**वर्धा-** मंगलवार की सुबह शास्त्री चौक में 2 बाइक की भिड़ंत में गंभीर घायल दिनकर रतिराम सिरसाट (45) का नागपुर में उपचार के दौरान मंगलवार की रात निधन हो गया. उनके पश्चात पत्नी, पुत्र, पुत्री का परिवार है. हिंगणी (जिला अकोला) में उनका अंतिम संस्कार किया गया.

## रक्तदान से शहीदों को श्रद्धांजलि कल

**प्रतिनिधि, 21 मार्च**

**नांदगांव पेठ** - शहीद भगतसिंह, सुखदेव व राजगुरु को श्रद्धांजलि अर्पित करने रक्तदान शिविर, देशभक्ति पर व्याख्यान व सम्मान समारोह का अनोखा आयोजन नांदगांव पेठ वासियों द्वारा 23 मार्च को किया गया है. सुबह 8 बजे स्वाधीनता सेनानी वीर केसरीसिंह रघुवंशी की प्रतिमा को माल्यार्पण व मानवंदना देकर कार्यक्रम आरंभ होगा.

कार्यक्रम का उद्घाटन जिला शल्य चिकित्सक डॉ. श्यामसुंदर निकम करेंगे. बतौर अध्यक्ष प्रा. डॉ.अरविंद देशमुख, बतौर प्रमुख अतिथि रमेश मावस्कर, हर्षवर्धन पवार, कैलाश घोड़के, महेंद्र भुतड़ा, एचवीएस राव, विलास जाधव उपस्थित रहेंगे. सुबह 9 बजे ग्रापं सभागृह में मान्यवरों की उपस्थिति में रक्तदान शिविर आरंभ होगा. उसके बाद व्याख्यान व सम्मान समारोह होगा. इस कृतज्ञता समारोह में उपस्थित रहने की अपील आयोजन समिति ने की है.

# पैसे के विवाद में युवक की हत्या

## दूसरा घायल : एक हमलावर गिरफ्तार

**संवाददाता, 21 मार्च**

**चांदूर रेलवे** - 15 हजार की रकम के लेन-देन को लेकर दो युवाओं को पीटने का मामला गत 14 मार्च को हुआ. इस मारपीट में घायल एक युवक की उपचार के दौरान मृत्यु हुई और दूसरे का उपचार जारी है. पुलिस ने मंगलवार की देर रात एक हमलावर को गिरफ्तार किया है.

जानकारी के अनुसार मोर्शी तहसील के शिरजगांव निवासी पंडित विक्रम पाटणकर (45) व अमरावती के लक्ष्मी नगर निवासी गौरव सुरेश तिड़के (27) को आरोपी शुभम सीताराम दूबे व उसके साथियों ने फोन कर 14 मार्च को स्थानीय लिटिल स्टार स्कूल के मैदान पर बुलाया था. 15 हजार रुपए के विवाद पर दुबे और उसके साथियों ने दोनों को पीटा और घायल अवस्था में अमरावती ले जाकर छोड़ा. उपचार के दौरान पंडित पाटणकर की मृत्यु हुई और गौरव तिड़के का अस्पताल में उपचार जारी है. शिकायत मिलते ही चांदूर रेलवे पुलिस ने मंगलवार की रात शुभम दुबे को गिरफ्तार किया. थानेदार ब्रम्हदेव शेलके के मार्गदर्शन में पीएसआई लसंद्रे मामले की जांच कर रहे हैं. मंगलवार की देर रात आरोपियों पर धारा 147, 148, 149 सहित 324, 302, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है.

# पार्षदों का आंदोलन तीसरे दिन भी जारी

## अनशनकर्ताओं का स्वास्थ्य बिगड़ा : जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**अकोला, प्रतिनिधि, 21 मार्च** - मनपा द्वारा नियमबाह्य पद्धति से की गई टैक्स वृद्धि के विरोध में चर्चा करने के लिए मनपा पार्षदों की आमसभा बुलाने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे पार्षद डॉ. जिशान हुसैन व राजेश मिश्रा के आमरण अनशन का बुधवार को तीसरा दिन था. उनके साथ पार्षद शशिकांत चोपड़े, मनोज बाविस्कर भी अनशन पर बैठे हैं. आंदोलन के तीसरे दिन भी मनपा प्रशासन द्वारा कोई दखल नहीं ली गई है.

**अकोला :** जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए आंदोलनकर्ता.

इस दौरान अनशनकर्ताओं का स्वास्थ्य बुधवार को बिगड़ गया. इस स्थिति को देखते हुए मनपा प्रशासन ने पार्षदों के इस आंदोलन की तत्काल दखल लेनी चाहिए, अन्यथा उनकी जान की जिम्मेदारी पूरी तरह प्रशासन की रहेगी, इस आशय का ज्ञापन अनशनकर्ता पार्षदों की ओर से जिलाधिकारी को सौंपा गया.

अनशन आंदोलन के तीसरे दिन पार्षद मंगेश काले, गजानन चव्हाण, भरत मिश्रा, अश्विन पांडे, केदार खरे, मोहम्मद इरफान, पराग कांबले, अधि.इकबाल सिद्दीकी, मोईन खान उर्फ मंटू, शाहिन अंजुम महबूब खान, हाजरा नसरीन, मंजूषा शेलके, अनीता मिश्रा, प्रमिला गिते, पूर्व पार्षद शरद तुरकर, राजेश काले, भरत सत्याल, राकांपा के युवा नेता संग्राम गावंडे, कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता डॉ.सुधीर ढोणे, पूर्व पार्षद हरिभाऊ काले, सखाउल्लाह खान, पार्षद फिरोज खान, अख्तर अली, राजेश भारती, विदर्भ चेंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव निकेश गुप्ता, व्यापारी नेता रमाकांत खेतान, रोशन राज, जय बांगड़, कपिल रावदेव, सुनील दुगीर्या, धनंजय गावंडे, चेतन धामेत, प्रकाश वानखड़े, नितिन मिश्रा, मनोज मिश्रा, योगेश अग्रवाल, प्रकाश गोंड, समाजवादी पार्टी के अधि.नजीब शेख, जाहेद आलम, एनएसयूआई के आकाश कवड़े, राहुल सारवान, अंकुश तायड़े, कुनाल झांबरे, अक्षय गडेकर, चैतन्य हिरपुरकर, ऋषि जामोदे, करण पांडे, अंकुश शर्मा, राहुल टाले, पंस सभापति पहुरकर, धनंजय गावंडे, एमआर संगठन के किशोर सपले, संजय उबाले, प्रमोद वाकडे, सलीम सिद्दीकी, नरेश सूर्यवंशी, भाऊराव माने, दीपक शिंदे, अशोक अस्वारे आदि के साथ विभिन्न संगठनों के मान्यवरों ने अनशन आंदोलन को भेंट देकर आंदोलन को अपना समर्थन घोषित किया. आंदोलन स्थल पर नागरिकों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर टैक्स वृद्धि के विरोध में ज्ञापन पर अपने हस्ताक्षर किए.

# डॉ. राजेंद्र गोड़े अभियांत्रिकी में कैम्पस ड्राइव आज

## श्रीराम ट्रान्सपोर्ट कंपनी लेगी आईक्यू व टेक्निकल टेस्ट

**प्रतिनिधि, 21 मार्च**

**अमरावती-** स्थानीय डॉ. राजेंद्र गोड़े इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी व रिसर्च द्वारा अभियांत्रिकी के विद्यार्थियों को श्रीराम ट्रान्सपोर्ट प्रा.लि. कंपनी में नौकरी का सुनहरा मौका आया है. बीई व एमबीए के विद्यार्थियों को इस सुअवसर पर 22 मार्च को श्रीराम ट्रान्सपोर्ट कंपनी के ओपन कैम्पस ड्राइव में लाभ मिलेगा. फायनल वर्ष कंप्यूटर सायंस इंजीनियरिंग, इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, सिविल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेली कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को कैम्पस ड्राइव का लाभ मिलेगा, ऐसी जानकारी ट्रेनिंग व प्लेसमेंट विभाग के प्रा. अभिजीत शहाड़े ने दी है. ओपन कैम्पस ड्राइव में विद्यार्थियों का चयन श्रीराम ट्रान्सपोर्ट प्रा.लि. कंपनी द्वारा आईक्यू टेस्ट, टेक्निकल टेस्ट व एच.आर. साक्षात्कार पध्दति से होगी. जानकारी हेतु 8275418803 इस क्रमांक पर संपर्क करें.

ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों ने कैम्पस ड्राइव का लाभ लेने की अपील डॉ. राजेंद्र गोड़े संस्था के प्राचार्य डॉ. प्रमोद पाटिल, डॉ. रविंद्र देशमुख, डॉ. एच.आर. देशमुख, डॉ. मनोज व्यवहारे, प्रा. एस.एस. दांडगे, डॉ. आशीष भेटालू ने की है.

# शिवणी में एक शाम शहीदों के नाम कल

## शहीद भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु की स्मृति में आयोजन

**नांदगांव खंडेश्वर, संवाददाता, 21 मार्च** - ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन व ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन शाखा शिवणी रसुलापुर की ओर से शिवणी रसुलापुर में 23 मार्च को शहीद भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु की स्मृति में एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. शाहिर सचिन माली, शीतल साठे व उनकी पार्टी क्रांति गीतों के माध्यम से शहीदों के जीवन दर्शन की प्रस्तुति जनता के सामने करेंगे.

ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन व ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन यह विद्यार्थी व युवाओं के लिए लड़ने वाला संगठन है. शहीद भगतसिंह, सुखदेव व राजगुरु से प्रेरणा लेकर संगठन ने देश की आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान दिया है. देश आजाद होने 70 वर्ष के बाद आज की स्थिति के मद्देनजर पुनः एक बार शहीद भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु के विचारों की जरूरत आज निर्माण हुई है. किसानों की आत्महत्या, खेती के प्रश्न, विद्यार्थियों की समस्या, बेरोजगारी, खेत मजदूर व कामगारों के प्रश्न गंभीर हुए हैं इसलिए जनप्रबोधन हेतु कार्यक्रम रखा गया है. कार्यक्रम में अध्यक्ष इंदिरा कारमोरे हैं.

साथ ही तुकारम भस्मे, सुनील मेटकर, सागर दुर्योधन, लीलेश्वर बनसोड़ भी उपस्थित रहेंगे. बड़ी संख्या में किसान, खेत मजदूर, विद्यार्थी, युवा, महिला कामगार ने कार्यक्रम उपस्थित रहने की अपील मोरेश्वर वंजारी, माधव ढोके ने की है.

दाखले जारी है

नर्सरी से बारह्वी क्लास 2018-2019

अर्लहरम इंटरनॅशनल इंग्लिश स्कूल ॲन्ड साइंस ज्यु. कालेज

मदरसा जामिआ बुस्ताने फातेमा रज़ी लिलबनात

जामिआ फातेमा रज़ी उर्दू हाइ स्कूल ॲन्ड साइंस ज्यु. कॉलेज

लड़कियों के होस्टल के साथ

मुख्य विशेषताएं : ▪ मेआरी असरी व दीनी तालिम ▪ आलेमा मोमेना कोर्स ▪ रोज़मर्रह की दुआएं व नमाज़ों की अमली मश्क ▪ कुरआने करीम मा तजवीद व तरजुमह ▪ कम्प्यूटर और साइंस की तालीम ▪ तालीम याफ्ता और मेआरी स्टाफ ▪ स्कूल बस की सहूलत ▪ इंग्लिश, अरबी व उर्दू तकरीर की मश्क ▪ सख्त निगरानी के साथ CCTV Cameras का नज़्म ▪ दा'वते दीन की महारत और हमारी दिगर तालीमी व तरबियती कोशिशें

टीचर चाहिए

1) M.Sc. B.Ed. (Math, Bio.,Chem.)
2) B.Sc. B.Ed. (Math, Bio.,Chem.)
3)B.A. B.Ed./M.A. B.Ed. (Eng.,Soci., Pol., His.,Urdu,Arabic,Marathi)
4) B.A.,D.Ed., Mont. for Nur., K.G.
5) Lady Warden for Boarding
6)Watch Man (Day 1 & Night 1)

संपर्कः मदरसा जामिआ बुस्ताने फातेमा रज़ी लिलबनात
जामिआ नगर, रिंग रोड, लालखड़ी, अमरावती,
महाराष्ट्र, भारत

M. 7020757838, 7020385338
M. 9730144233, 9834969951

# सरकारी राशन दुकानों का मुद्दा मंत्री बापट के समक्ष उठाएंगे

## भाजपा प्रदेश प्रवक्ता शिवराय कुलकर्णी का दावा

**प्रतिनिधि, 21 मार्च**

शिवराय कुलकर्णी

**अमरावती-** बडनेरा के पुरानी बस्ती में रहने वाले नागरिकों ने सरकारी राशन दुकान से अनाज न मिलने की बात भाजपा प्रदेश प्रवक्ता शिवराय कुलकर्णी के समक्ष रखी. इन शिकायतों को संग्रहित कर कुलकर्णी सीधे आपूर्ति कार्यालय पहुंचे. शिकायतों पर अवलोकन करने के बाद एक व्यक्ति के पास पांच-पांच सरकारी राशन दुकान रहने की बात उजागर हुई. इस विषय पर शिवराय कुलकर्णी ने बताया कि इस मामले में कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को सात दिन का अल्टीमेटम दिया गया है. सरकारी राशन दुकान का मामला अन्न आपूर्ति मंत्री गिरीष बापट के समक्ष रखने की बात उन्होंने कही.

### बडनेरा में राशन दुकान धान्य वितरण में गड़बड़ी का मामला

बडनेरा के जूनी बस्ती के राशन दुकान द्वारा नागरिकों को बीते कुछ माह से राशन न दिए जाने के कारण क्षेत्रवासी इन राशन दुकानों के संदर्भ में आवाज उठाते हुए इस संदर्भ में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता शिवराय कुलकर्णी से मिले व मामले से अवगत कराया. दस्तावेजों को देखने के बाद कुलकर्णी के समक्ष यह मामला उजागर हुआ कि एक ही लाइसेंस धारक के पास 5-5 दुकानें हैं अर्थात अनिल वनवे नामक राशन दुकानदार लाइसेंस धारक ने अन्य चार दुकानें चलाने के लिए ली हैं. कुलकर्णी ने आरोप लगाया कि राजनीतिक पॉवर का इस्तेमाल कर कई सरकारी राशन दुकानदार लाभार्थियों में अनाज का वितरण न करते हुए मार्केट में अनाज बेच रहे हैं. बडनेरा जूनी बस्ती के मामले में 250 शिकायतें उन्हें मिली थीं. कुछ राशन दुकानदार फर्जी लाभार्थी बनाकर शासन की योजनाओं से लाभार्थियों को वंचित रख रहे हैं. इस गोरखधंधे को उजागर करने के लिए यह मामला अन्न आपूर्ति मंत्री गिरीष बापट के समक्ष उठाने की बात कही.

### जिला प्रशासन की मिलीभगत

सरकारी राशन दुकानों में चल रहे कामकाज को लेकर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता शिवराय कुलकर्णी ने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन की मिलीभगत के कारण सरकारी राशन दुकानों के हौसले मजबूत हैं, इसलिए मनमाने तरीके से वे काम कर रहे हैं. आपूर्ति विभाग में कार्यरत अधिकारी, क्लर्क, निरीक्षक भी किसी की नहीं सुनते. अपने मनमाने तरीके से काम कर रहे हैं. शासन की ओर से जनहित में शुरू योजनाओं का मजाक उड़ा रहे हैं, ऐसे अधिकारियों-कर्मियों के खिलाफ आवाज उठाने की बात उन्होंने कही.

## तुअर-चने की खरीदी बंद

**परतवाड़ा** - 15 मार्च से आरंभ की गई चने की खरीदी तथा उसके पहले आरंभ की गई तुअर की खरीदी पर गोदाम में जगह नहीं होने की बात बताकर रोक लगा दी गई है. खरीदी आरंभ है, यह बात जानकर अनेक किसानों ने तुअर और चने की फसल मंडीलाई थी, मगर खरीदी बंद होने की बात पता चलने पर अनेक किसान अपना माल लेकर वापस लौटे, मगर उन किसानों में काफी रोष की भावना देखी गई. बता दें कि, अचलपुर तहसील में बड़े पैमाने पर तुअर का उत्पादन होता है. जिसकी वजह से कृषि मंडी अचलपुर में बड़े पैमाने पर आवक भी हो रही है. लेकिन गोदाम खाली नहीं होने की वजह से आगे के आदेश तक किसानों से चना और तुअर केंद्र पर बेचने के लिए न लरने का अनुरोध खरीदी-बिक्री संघ के व्यवस्थापक संतोष चित्रकार द्वारा किया गया है. 2 फरवरी को तुअर खरीदी आरंभ की गई. 17 मार्च तक 20 हजार 25 क्विंटल तुअर खरीदी गई.

# तुअर-चने की खरीदी शुरू करें

प्रहार संगठन की मांग
**अमरावती :**

**प्रतिनिधि, 21 मार्च**

**अमरावती-** स्थानीय कृषि उपज मंडी में नाफेड के द्वारा करीब 2 माह से तुअर खरीदी शुरू है. लेकिन अब तक मात्र 1500 किसानों के तुअर की नापजोख हुई है. बचे हुए 10 हजार से अधिक किसान तुअर खरीदी के इंतजार में हैं. यही हाल चने का भी है. प्रतीक्षा सूची में दिए गए नंबर में ग्रेडर हाथ धो रहे हैं. नंबर आगे-पीछे कर तुअर की खरीदी कर रहे हैं. जिन किसानों की तुअर खरीदी की गई है उसमें से अधिकांश अभी भी उपज की रकम के इंतजार में हैं. इन किसानों को फसल की राशि अदा करें तथा तुअर व चने की खरीदी नाफेड के माध्यम से सुचारू तरीके से शुरू करें, ऐसी मांग प्रहार संगठन की ओर से जिलाधीश से की गई है.

प्रहार संगठन के जिलाध्यक्ष छोटू महाराज वसु के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन के मुताबकि कृषि उपज मंडी में नाफेड की ओर से तुअर की खरीदी का जो केंद्र शुरू किया गया है उसकी नीतियों के कारण किसान परेशान हैं. दो माह में 1400 से अधिक किसानों के उपज की नापजोख हुई, लेकिन महीनों बीतने के बावजूद उपज की रकम मुझे मिली नहीं.

प्रहार संगठन ने आरोप लगाया है कि नाफेड व्यापारियों के साथ सांठ-गांठ कर खरीदी कर रही है. खरीदी सुचारू रूप से हो, ऐसी मांग की है. ज्ञापन के दौरान राजेंद्र देशमुख, चंद्रकांत विनोदे, सागर ठाकुर, पवन ठाकुर, पीयूष गहलोत, राहुल राजस, अविनाश देशमुख, पवन ददगाल, प्रशांत चितोडो, कैसार पठान, विनोद शर्मा, सुनील मांजरे, राजू काले, प्रकाश ठाकुर, गोपाल शर्मा, सत्यप्रकाश गहरवाल, कृष्णराव तायड़े, किशोर शर्मा, शंकर माकोड़े, गजेंद्रसिंह गहरवाल, श्याम गवली आदि उपस्थित थे.

Name Change

Old name
Anita Purushottam Bajaj

New name
Jaya Purushottam Bajaj

Add.- Purushottam Bajaj, Krishna Nagar, Amravati

Surya-Prabha,Pratishthan's
TOMOAE MONTESSORY HOUSE OF CHILDREN

Wanted Teacher

Qualification
Graduate
with Fluency in English
Apply to
J.G. Jadhav
Tomoae Montessori Office, Paranjape Colony, Camp, Amravati,444602
Ph.2665932 Time:- 9.00 to 1.00am. & 6.00 pm. to 7.00 pm.
Application Submission Last Date:- 31/3/2018

J. G. Jadhav
Secretary
Surya-Prabha, Pratishthan

A. L. Deshmukh
President
Surya Prabha,-Pratishthan

# CLASSIFIEDS

### नौकरी विषयक

### चाहिए

**चपराशी-ऑफिस काम के लिए चपराशी चाहिए, संपर्क करें-श्री बालाजी पेपर ट्रेडिंग कं., श्री सदन, चित्रा टॉकीज के पिछे, अमरावती**

**चाहिए**-किराणा दुकान में पॅकिंग काम के लिए लेडिज और काम के लिए आदमी चाहिए, संपर्क-8446661177, 8855887769

**चाहिए**-ऑफिस में साफ सफाई काम के लिए महिला चाहिए, संपर्क-प्रतिदिन अखबार, देविका परिसर, ब्राम्हणसभा के पिछे, दरोगा प्लॉट, राजापेठ, अमरावती

**चाहिए**-हेल्पर-2, वेटर-2, कैलास रेस्टॉरंट अॅन्ड बार, प्रभादेवी मंगल कार्यालय के पास, एमआयडीसी रोड, अमरावती, 9370102920

**पाहिजे**-ऑफिस कामासाठी व मार्केट कामाकरिता होतकरू मुलगा पाहिजे, टिप-गावातील मुलाला प्राधान्य देण्यात येईल, शिक्षणाची कुठलीही अट नाही, संपर्क-SPEAKWELL ENGLISH ACADEMY, 8407948389, 9579187394

**तुरंत चाहिए**-वेटर-पगार 11000, हेल्पर- पगार 8000, अल-बशीर रेस्टॉरंट, ईतवारा बाजार, अमरावती

**Requir (पाहिजेत) - स्विमींग पुल करिता- स्विमींग कोच-2 (M/F), लाईफ गार्ड-3, सहाय्यक-2, चौकीदार-1, अनुभव असणा-यांनाच प्राधान्य, पत्ता-मंगलधाम कॉलनी, अमरावती, संपर्क-9822628050**

Tally Accountant **चाहिए**-केवल महिला, Sai Accounting Tax Service, Dande Building, Jaistambh Chowk, Amravati, Mo. 8208293826

**पाहिजे**-अनुभवी सेल्समॅन/सेल्सगर्ल रेडिमेड करिता, पत्ता-सिंध होजियरी, डेपो जवाहर रोड, अमरावती, संपर्क-0721-2566730, 2673540

**पाहिजेत**-बाळाकरिता महिला पाहिजे-1 वर्षाचे बाळ सांभाळण्याकरिता बियाणी चौक, कॅम्प, अमरावती परिसरात पुर्णवेळ महिलेची आवश्यकता आहे, संपर्क-9422961487, 9422869305

**WALK IN INTERVIEW**
**Required qualified and experienced female candidates having good communication skills for SANFORT PRESCHOOL AMRAVATI.**
**▸NURSERY TEACHERS**
**▸RECEPTIONIST**
**Date 24.03.18**
**Time 10 am**
**Haji Mansion, Camp**
**9168206866**

प्रतिदिन अखबार क्लासिफाईड
संपर्क :-8379911166

### प्रापर्टी विषयक

### बेचना है

**प्लॉट तुरंत बेचना है**-तपोवन गेट के अंदर मौजे मसला अंदाज 3000 फुट प्लॉट तुरंत बेचना है, खंडेलवाल पेट्रोल पंप के आगे मार्डी रोड 3600 फुट प्लॉट तुरंत बेचना है, संपर्क-7769848687

**विकणे आहे**-रवि नगर प्लॉट 1200 स्के. फुट, सातुर्णा क्रांती कॉलनी प्लॉट 1500 स्के. फुट, 1100 स्के. फुट, 3 BHK घर ईश्वर कॉलनी, पार्वती नगर प्लॉट 1500 स्के. फुट, 1300 स्के. फुट + 1000 स्के. फुट, साईनगर प्लॉट 1350 स्के. फुट, रविकिरण कॉलनी प्लॉट 2000 स्के. फुट + 3000 स्के. फुट, संपर्क-अतुल काजे, 9665093697, 8329788386

**रेडी पझेशन**-2 BHK (850 चौ. फुट) 100% लोन सुविधा, 1 लिफ्ट, जनरेटर, बँक सह, प्रशस्त पार्किंग, मंदिर, गुणवत्ता बांधकाम सह फक्त दोन Flat उपलब्ध, गोपाल नगर, जुना बायपास रोड, अमरावती. संपर्क-9823080207, 8329256478

**मौकेशिर फ्लॅट्स व दुकाने** विकणे आहे-शहराच्या मध्यवस्तीत तसेच साईनगर परिसरात व अकोली गावाजवळ, शेगाव रहाटगाव रोड टच परिसरात दुकाने व फ्लॅट्स विकणे आहे, संपर्क-रामकिशोर करवा, करवा इस्टेट कन्सलटंसी, मोनालिसा कॉम्प्लेक्स, राजापेठ पोलीस स्टेशन समोर, अमरावती, 2571618, 9404883345

**तुरंत बेचना है**-डिजे साऊंड सेट, संपूर्ण बिछायत का सामान चालु स्थिती में बेचना है, जनरेटर सेट 5 केव्ही से 15 केव्ही तक, संपर्क-सुदेश साखरे द्वारा संदेश एजन्सीज, टीव्ही टॉवर के पास, पेन्शनपुरा, परतवाडा, मो. 9422737127, दुकान-07223-221781

**घर विकणे** आहे-2400 Sq. Foot बांधकाम, फर्स्ट फ्लोअर 3 दुकान, सर्व सोयीयुक्त घर विकणे आहे, पत्ता-डॉ. ढोरे हॉस्पीटल जवळ, कल्याण नगर, अमरावती, संपर्क-7410114200

**▸▸आलूबोंडा व-हाडी रस्से में**
**▸▸दही मिसळ**
**सुदामा फॅमिली रेस्टॉरेंट**
**प्रभात टॉकीज के सामने**
**मो. 9422622205**
**सुबह 7 से उपलब्ध**
**पार्सल सुविधा उपलब्ध**

### क्लासेस

[illegible] (१०वी, १२वी, [illegible]) [illegible] ९४०३०२७१९१, ८२७५४१८६९९

**सुनिल चौधरी म्युझिक अॅकेडमी, गिटार, थिंथेसाझर, सिंगींग क्लासेस, मो. 9822946555,** Address-Plot No. 41, I.T.I. Colony, Kanta Nagar, Amravati

### भाडे से देना है

**भाड्याने देणे आहे-राजकमल चौकातील 2000 चौ. फुट दुस-या मजल्यावरील जागा भाड्याने देणे आहे, संपर्क-लाठिया ब्रदर्स, 2562771, 9422855415**

**किराये पर उपलब्ध**-बँक एवं ऑफिस तथा डॉक्टर के लिए ग्राऊंड फ्लोअर/ फर्स्ट फ्लोअर पर पॉश एरिया में किराये से देना है, संपर्क-पुरखा खत्री-9370229127, 9158900033, हरिष-9372429144

### मशिन

**सुलभ किस्तीमध्ये शार्प कंपनीची Xerox मशिन उपलब्ध, संपर्क-सचिन झंवर, 9422916309, श्वेता ट्रेडिंग कंपनी काजी कंपाऊंड, बस स्टँड रोड, अमरावती**

### कुकिंग क्लासेस

**शिबानी कुकिंग क्लासेस फुल कुकिंग कोर्स, 22 मार्च से शुरू, अंडा रहित केक, पुडिंग एण्ड डेजर्टस, ढाबा स्टाइल वेज, प्री मिक्स वेज, आईस्क्रीम, 50 से भी अधिक क्लासेस, मो. 7030880220, 9422663826**

### ट्रेनिंग

**1 लाख रू.** महिना कमाने का ट्रेनिंग प्रोग्राम अमरावती में पहली बार, Entry pass और अधिक जानकारी के लिए संपर्क-डॉ. शाह, यशोदा नगर नं. 2, अमरावती, मो. 8668890414, 8421474146